मांगे कोई रिश्वत तो कॉल करें
Toll Free Number
1064
9413502834
Anti Corruption Bureau

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **राजकॉम्प इन्फॉ सर्विस लि0, योजना भवन, जयपुर के महाप्रबंधक तकनीकी, छत्रपाल सिंह के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में जयपुर, हनुमानगढ एवं गाजियाबाद यूपी स्थित 10 ठिकानों पर छापे**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, 19 अक्टूबर शनीवार/ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा जयपुर, हनुमानगढ एवं गाजियाबाद यूपी में आज अल सुबह कार्यवाही करते हुये **छत्रपाल सिंह महाप्रबंधक तकनीकी, राजकॉम्प इन्फॉ सर्विस लि0, योजना भवन, जयपुर** के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में आरोपी के 10 विभिन्न ठिकानों पर छापा मारकर तलाशी अभियान चलाया गया ।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय सूत्र–सूचना प्राप्त हुई थी कि **छत्रपाल सिंह महाप्रबंधक तकनीकी, राजकॉम्प इन्फॉ सर्विस लि0, योजना भवन, जयपुर** द्वारा भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा अपने एवं अपने परिजनों के नाम से अपनी वैध आय से आनुपातिक रूप से अधिक चल–अचल सम्पत्तियाँ अर्जित की गई है, जिनकी अनुमानित खरीद कीमत करोड़ों रुपयों से अधिक है।

उक्त सूत्र–सूचना का ए.सी.बी. की **इन्टेजिलेन्स शाखा** द्वारा गोपनीय रूप से सत्यापन किया गया एवं तथ्यों की पुष्टि होने पर **आय से अधिक सम्पत्तियाँ अर्जित का मामला** बनना पाये जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की एसआईयू, जयपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप सारस्वत, अनुसंधान अधिकारी** के नेतृत्व में सक्षम न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त किया जाकर श्री ओमप्रकाश किलानियां एएसपी चौकी द्वितीय जयपुर, श्री अमित सिंह एएसपी एसीबी भरतपुर, श्री ज्ञान प्रकाश नवल एएसपी एसीबी चौकी तृतीय जयपुर, श्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौड एएसपी एसयू–प्रथम जयपुर, श्री सुरेन्द्र पंचोली उप अधीक्षक पुलिस एसआईडब्लयू जयपुर, श्री परमेश्वर लाल उप अधीक्षक पुलिस एसीबी भिवाडी, श्री नरेश गैरा उप अधीक्षक पुलिस एसीबी हनुमानगढ, श्री नवल किशोर मीणा उप अधीक्षक पुलिस एसीबी दौसा, श्री नीरज गुरनानी उप अधीक्षक पुलिस एसीबी चौकी प्रथम, श्री मूलचन्द मीणा पुलिस निरीक्षक एसीबी चौकी चतुर्थ जयपुर, श्री छोटीलाल मीणा पुलिस निरीक्षक चौकी द्वितीय जयपुर, एवं श्री सज्जन कुमार पुलिस निरीक्षक एसीबी एसआईयू जयपुर की विभिन्न टीमों ने एक साथ, आज अलसुबह आरोपी के जयपुर, हनुमानगढ एवं गाजियाबाद यूपी स्थित 10 विभिन्न ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई की गई।

आरोपी छत्रपाल सिंह व इसके परिवाजनों के नाम एयर अपार्टमेन्ट श्याम नगर सब्जी मण्डी के पास जयपुर में दो फ्लैट (एक डूप्लेक्स व एक अन्य), महादेव नगर सोडाला में एक मकान, करोडों रूपये की किमत के पांच चौपहिया महंगे लग्जरी वाहन (एक पोर्से कार, एक जगुआर लैण्ड रोवर डिफेण्डर कार, एक महिन्द्रा थार, एक महिन्द्रा स्कॉर्पयो, शेवर्ले क्रुज वीसीडीआई), एक बीएमडब्लयू बाईक एवं करीब 6 लाख की नगदी मिले हैं। इसके अतिरिक्त अनेक बीमा पॉलिसियों में निवेश, एक बैंक लॉकर (जिसकी तलाशी ली जानी है) एवं विभिन्न बैंको में अनेक बैंक खाते जिनमें लाखों रुपये जमा हैं, भी मिले हैं। आरोपी द्वारा राजापार्क में एक किराये की सम्पत्ति जिसमें **सिम्पली डिवाईन नाम से स्पा** होना व वर्तमान में स्पा को किसी अन्य को किराये पर देना व आरोप द्वारा अशोक नगर जयपुर में एक **हैपी हार्ट फाउण्डेसन** भी संचालित करना भी पाया गया है, जिसकी तलाशी में लाखों रूपये निवेश करना पाया गया है। तलाशी में आरोपी द्वारा मंहगे रिसोटर्स में रूकने संबंधी कागजात मिले तथा विदेश यात्राओं की जानकारी भी प्राप्त हुई जिनके संबंध में जांच की जा रही है।

ब्यूरो के प्राथमिक आकलन, प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं अब तक तलाशी में मिले दस्तावेजों के अनुसार आरोपी छत्रपाल सिंह द्वारा अपने सेवाकाल में भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा करोड़ों रुपये की खरीद

कीमत की अनेक चल–अचल परिसम्पत्तियां अर्जित करने का अनुमान है, जो उनकी वैध आय से आनुपातिक रूप से कहीं अधिक है इसके अतिरिक्त आरोपी एवं उसके परिजनों द्वारा कई बेनामी परिसम्पत्तियों में निवेश के साक्ष्य मिले हैं, जिनकी विस्तृत जाँच की जायेगी ।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। मामले में एसीबी द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।